2A

# प्रपत्र–1

## प्रतिवेदन

परियोजना का नामः– जनपद देहरादून मे ग्राम सभा रैनापुर में गिरधारी लाल फार्म से तुडान माजरे तक सड़क निर्माण हेतु 0.60 है0 वन भूमि का लो0नि0वि0 को हस्तान्तरण।

उपरोक्त विषयक प्रस्तावित मोटर मार्ग शासनादेश संख्या 348/III(2)/09–17 (एम0एल0ए0)/2008 लोक निर्माण विभाग अनुभाग–2 दिनांक 02/03/2009 के द्वारा निर्माण हेतु स्वीकृत हैं। प्रस्तावित मार्ग ग्राम सभा रैनापुर के गिरधारी लाल फार्म के किमी0 7 से आरम्भ होकर प्राथमिक विद्यालय तुडान माजरे के समीप तक निर्मित किया जाना प्रस्तावित है। वन विभाग द्वारा गिरधारी लाल फार्म से प्राथमिक विद्यालय तुडान माजरे तक निर्मित कच्चा मार्ग विद्यमान है। संरेखण इसी कच्चे मार्ग का अनुसरण करता है। इस मार्ग के निर्माण से स्थानीय जनता को यातायात की सुविधा उपलब्ध कराना एवं पिछडे क्षेत्र का विकास कराना है। इस मार्ग के निर्माण होने से बरसात में किसान अपनी कृषि उपज को देहरादून मण्डी तक पहुचाने शिक्षा एवं आपात कालीन चिकित्सा आदि की सुविधा उपलब्ध हो पायेगी। इस मार्ग के निर्माण से इन ग्राम वासियों को शहर देहरादून से नजदीकी सम्पर्क बन जायेगा जिससे पर्यटन में वृद्धि होगी साथ ही स्थानीय लोगो को रोजगार भी मिलेगा तथा स्थानीय जनता को यातायात की सुविधा उपलब्ध होगी।

सहायक अभियन्ता
अ0 खण्ड लो0नि0वि0,
ऋषिकेश

29/8/14
अधिशासी अभियन्ता
अ0 खण्ड लो0नि0वि0,
ऋषिकेश

प्रभागीय वनाधिकारी
देहरादून वन प्रभाग.